तापमान

अधिकतम 32 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 18 जुलाई 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


4 श्री रामलला दर्शन के लिए रवाना हुए श्रद्धालु



## खबर संक्षेप



### धरमसाय को मिला मोटराइज्ड ट्राई साइकिल

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्ट्रेट पहुंचकर एक जरुरतमंद ने मोटराइज्ड ट्राई साइकिल के लिए जनदर्शन में आवेदन किया, इस पर कलेक्टर डी.राहुल वेंकट ने तत्काल संज्ञान लेते हुए समाज कल्याण विभाग को आवश्यक कार्रवाई करते हुए दिव्यांग धरमसाय को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने निर्देशित किया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक रमेश सिंह ने कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनेन्द्रगढ़ के सामने समाज कल्याण विभाग कार्यालय में धरमसाय को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल उपलब्ध कराया।

### बारिश की आस में किसान, रोपाई प्रभावित



**सोनहत।** मुख्यालय सहित आसपास ग्रामों में बारिश की कमी होने से रोपाई कार्य प्रभावित होने की जानकारी किसानों ने दी है। खासकर मुख्यालय एवं वनांचल ग्राम के किसानों ने बताया कि फिलहाल बारिश हल्के तौर पर होने से गहरे खेत के अलावा अन्य संग्रहित पानी से रोपाई किसी तरह हो रहा है। आलम है कि बीच-बीच में कभी-कभार बारिश होने से खेती कार्य पूरी गति पकड़ सका है। एक ओर मजदूरों की मजदूरी प्रतिस्पर्धा में ज्यादा होने से किसानी कार्य समय पर पूरा करने में सीमांत, लघु किसान थोड़ी असहज महसूस करने लगे हैं।

### जनदर्शन में मिले 24 आवेदन

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी.राहुल वेंकट मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए। 16 जून के जनदर्शन में आवेदक तारा सिंह निवासी नारायणपुर ने रोजगार सहायक द्वारा परेशान करने के संबंध में शिकायत की। साथ ही रामू निवासी नारायणपुर ने प्रधानमंत्री आवास योजना, अब्दुल करयूम खान निवासी मनेन्द्रगढ़ ने बंदूक लाइसेंस रिनिवल, उत्तरा बाई निवासी खड़गवां ने भूमि के संबंध में, संतोष सिंह निवासी खड़गवां ने भूमि के संबंध में सावित्री निवासी ने राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज करने सहित अन्य हितग्राहियों ने अपनी-अपनी समस्या के संबंध में आवेदन दिए। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को उचित कार्रवाई करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

### हास्ययोग का 12 वां राष्ट्रीय सम्मेलन जबलपुर में

**मनेन्द्रगढ़।** हास्ययोग सेवा समिति के अध्यक्ष जसबीर सिंह कालरा ने विज्ञप्ति जारी कर जिले के समस्त हास्ययोग प्रेमियों को अवगत कराते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। श्री कालरा ने बताया कि हास्ययोग केन्द्र भारत द्वारा मध्यप्रदेश की संस्कारधानी तथा पूर्णप्रद नर्मदा नगरी जबलपुर स्थित शॉन एलिजी रिसोर्ट में 25 से 28 सितंबर 4 दिवसीय हास्ययोग साधना का 12 वां राष्टीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें हास्ययोग तथा आयुर्वेद पर कार्यशाला, विशेष जलयोग एवं जबलपुर परिभ्रमण के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



## एक आरोपी जबलपुर से गिरफ्तार दूसरा फरार, कोरिया पुलिस ने की कार्रवाई

# 20 हजार के बदले सूदखोरी में वसूल लिए लाखों रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के कोयलांचल इलाके में सूदखोरी के एक प्रकरण में पीड़ति से आरोपियों से 20 हजार के एवज में लाखों रुपए की वसूली कर ली। मामले में एक आरोपी की गिरफ्तारी जबलपुर से की गई है, दूसरा आरोपी फरार है। ब्याज में उधार की रकम देने के बाद धोखाधड़ी कर लाखों रूपए हड़पने के मामले में चरचा और सिटी कोतवाली पुलिस ने स्थानीय एक युवक के विरूद्ध शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया था।

इसी दौरान एक आरोपी युवक को हाल में कोरिया पुलिस ने जबलपुर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं एक आरोपी फरार चल रहा है, जिसकी तलाश जारी है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 15 जनवरी को प्रार्थी बृजलाल पिता अदलसाय निवासी सुभाष नगर ने थाना चरचा में उपस्थित होकर एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह बैकुंठपुर निवासी राजू खान से जरूरत पड़ने पर 20 हजार रुपए उधार मांगा था, इसके एवज में उसने आधार कार्ड, पेन कार्ड, कोरा फॉर्म एवं चेक बुक में हस्ताक्षर कराकर रख लिया था। वहीं राजू खान उर्फ जमील इम्तियाज खान एवं बुतु तीनों ने चेक तथा लोन स्वीकृत कराकर कुल 33 लाख 89 हजार रूपए मेरे खाते से आहरण कर लिए हैं।



आरोपी

- कोयलांचल नगरी में फल-फूल रहा सूदखोरी का धंधा

इस मामले में पुलिस ने धारा 386, 294, 506, 34 भादवि, धारा 4 कर्जा एक्ट एवं एससी, एसटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। इसी तरह 16 मई को प्रार्थी उत्तम कुमार पिता करन साय निवासी कंचनपुर ने थाना बैकुंठपुर में उपस्थित होकर एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरे द्वारा राजू खान उर्फ जमील निवासी डबरीपारा से मेरी तबीयत खराब होने पर 5000 रूपए ब्याज पर लिया था, जिसके जमानत के तौर पर उसने कोरा फॉर्म एवं चेक बुक में हस्ताक्षर करवाकर रख लिया था। कुछ समय बाद में मेरा एक्सीडेंट हो जाने पर मैंने एसईसीएल की नौकरी से रिटायर्डमेंट ले लिया, इसके बाद मेरे खाते में पीएफ की राशि कुल 12 लाख 83 हजार रूपए आया, जिसमें से हस्ताक्षर करवाकर रखे हुए चेक के माध्यम से राजू खान ने कुल 9 लाख 80 हजार रूपए मेरे खाते से अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए एवं उनसे पूछने पर उनके द्वारा मुझे जाति सूचक अश्लील गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दिया गया। इस पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। दोनों प्रकरण के आरोपी इम्तियाज खान पिता शेराज अहमद उम्र 30 वर्ष निवासी डबरीपारा बैकुंठपुर को वर्तमान में जबलपुर मप्र में रहने की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के द्वारा पुलिस टीम गठित कर जबलपुर मप्र के लिए रवाना किया गया था, जहां से पुलिस टीम आरोपी इम्तियाज खान को जबलपुर से पकड़कर बैकुंठपुर लेकर आए। आरोपी इम्तियाज खान से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपराध अपने साथी राजू खान उर्फ जमील के साथ एवं थाना चरचा के अपराध को राजू खान उर्फ जमील एवं बुतु के साथ घटित करना स्वीकार किया गया है।

पुलिस ने आरोपी को 15 जुलाई 2024 को गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय बैकुंठपुर के समक्ष पेश किया गया, जहां से दोनों प्रकरण में जेल वारंट जारी होने पर आरोपी इम्तियाज खान को जिला जेल बैकुंठपुर में दाखिल किया गया है। वहीं थाना चरचा के प्रकरण में बुतु की गिरफ्तारी पूर्व में कोरिया पुलिस द्वारा की जा चुकी है। उपरोक्त दोनों प्रकरणों के एक अन्य आरोपी राजू खान उर्फ जमील फरार है ,जिसकी तलाश जारी है।

# पटना अब नगर पंचायत नोटिफिकेशन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर


कोरिया जिले के ग्राम पंचायत पटना को नगर पंचायत का दर्जा मिल गया। इस आशय की अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई है। इसमें उल्लेख किया गया है कि वर्तमान ग्राम पंचायत की सीमा ही नगर पंचायत पटना की सीमा होगी।

अधिसूचना में यह भी बताया गया है कि ग्राम पंचायत पटना की जनसंख्या जनगणना वर्ष 2011 में 5124 दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत को नगर पंचायत बनाने लिए न्यूनतम 5000 की जनसंख्या होना अनिवार्य है। ग्राम पंचायत पटना उक्त ऑकड़े को वर्ष 2011 की जनसंख्या में ही पार कर लिया। इस बीच देश में कोरोना महामारी के कारण 2021 में जनगणना नहीं कराया गया था। इस तरह ग्राम पंचायत पटना की जनसंख्या 5 हजार के पार वर्ष 2011 में ही हो गई थी, जो कि किसी भी ग्राम पंचायत को नगर पंचायत का दर्जा के लिए जरूरी है। ज्ञात हो कि पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम पंचायत पटना को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की थी, जो अब जाकर पूरा हो पाया। इस तरह अब कोरिया जिले में तीन नगरीय निकाय होंगे, इसके पूर्व कोरिया जिले में नगर पालिका बैकुंठपुर व नगर पालिका शिवपुर चरचा दो ही नगरीय निकाय थे।




- कोरिया जिले का इकलौता नगर पंचायत होगा पटना

## करमघोंगा जलप्रपात का नजारा....



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ से कुछ ही किमी की दूरी पर जंगलों की बीच स्थित करमघोंगा जलप्रपात का नजारा इस दौरान देखने लायक है, जिसे देखने कई लोग पहुंच रहे हैं।

## शिकायत लंबित, कार्रवाई के लिए कलेक्टर को पत्र

**मनेन्द्रगढ़।** लोकसभा निर्वाचन के दौरान बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का 26 अप्रैल को लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम गोदारीपारा चिरमिरी में आयोजित कार्यक्रम को रद्द किए जाने के संबंध में की गई शिकायत पर कार्रवाई के बारे में कोई जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नहीं दी जा रही है। इस संबंध में शिकायतकर्ता मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव द्वारा लिखे गए पत्र पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर पीएस धुरव के द्वारा संज्ञान लिया गया है। उन्होंने एमसीबी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर कहा है कि अशोक श्रीवास्तव के शिकायत पत्र में उल्लेखित विषय वस्तु बिंदुओं की जांच कर प्रतिवेदन नियत समय-सीमा में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अनेकों बार ऑनलाइन-व्हाट्सअप के माध्यम से शिकायत के संबंध में प्रतिवेदन भेजने के लिए स्मरण कराए जाने के उपरांत भी शिकायत के संबंध में आपके स्तर पर की गई कार्रवाई-प्रतिवेदन आज तक अपेक्षित है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया है कि अशोक श्रीवास्तव के उपरोक्त शिकायत के संबंध में उल्लेखित विषय वस्तु बिंदुओं की यथाशीघ्र जांच कर की गई कार्रवाई से सीधे शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए।

# विधायक रेणुका की पहल पर सड़कों का बिछेगा जाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह की पहल से चांगभखार के क्षेत्रवासियों को सड़कों की बड़ी ऐतिहासिक सौगात मिली है।

भरतपुर ब्लॉक में ग्रामीण पिछड़े इलाकों को समाज के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए 102 किमी सड़कों का जाल बिछाने के लिए विधायक श्रीमती सिंह की ऐतिहासिक उपलब्धि एवं भाजपा की विष्णु देव सरकार के प्रति क्षेत्र की जनता ने आभार व्यक्त किया है। स्वीकृत कार्यों में मेनरोड माड़ीसरई मरखोही से पिपरहापारा होते हुए पूंजी 2.8 किमी, पूंजी से जरकेटा पारा होते हुए हरई 3.92 किमी, सिंगरौली से पुरनिहा पारा 2.025 किमी, मेनरोड कोठीडोल से छपरा टोला 2.743 किमी,देवगढ़ से चेरवापारा 2.70 किमी, जनुआ पीएमजेएसवाई रोड से सेमरपारा होते हुए पूंजी 5.10 किमी, हथवारी पीएमजेएसवाई रोड से खनहा होते हुए कठरार्डोल 7.55 किमी, मेन रोड हरई से पटेराटोला 5 किमी, मेनरोड से बरछा मप्र बॉर्डर 4.20 किमी, मेहन्दौली से चट्टानपारा 4.55 किमी, कोइलारा पीएमजेएसवाई रोड से कुर्कुटी होते हुए तोजा 7.025 किमी, पीएमजेएसवाई रोड लरघाडंडी से मरमिडोल होते हुए डुम्माडोल 2.70 किमी,सेमरिहा पीएम जेएस वाई रोड से पटासी होते हुए नारायणपुर 12.30 किमी,अख्तवार से बमनिपारा होते हुए कठर्रा डोल 06 किमी, पीएमजेएसवाई रोड छतौड़ा से पटेलपारा 3 किमी, मेहन्दौली से सतकियारी 5.65 किमी, छिरहाटोला से पटेलपारा जवारीटोला तक 3.50 किमी, पीडब्लूडी मैन रोड बरेल से दंडवाझार 5.16 किमी, उमरवाह से बड़काडोल होते हुए कारी माटी 7.50 किमी, पीएमजेएस वाई रोड नौढ़यिा से डोमहरा होते हुए बैगापारा तक 3.20 किमी, नौढ़यिा से सरईपारा होते हुए डोमहरा 3 किमी, पीइमजेएसवाई नौढ़यिा से डुगलाडीह पारा होते हुए सिंगरौली तक 2 किमी सड़क का निर्माण होगा।



## पीएम आवास योजना की राशि के दुरूपयोग पर होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि के दुरूपयोग पर सख्त कदम उठाते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कहा कि ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी और राशि वसूली की जाएगी।

जिला पंचायत के सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी बैठक में उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री लंगेह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को लगातार निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायत बैकुंठपुर, सोनहत और नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर, शिवपुर-चरचा के अधिकारियों से योजना की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वीकृत, अप्रारंभ और अपूर्ण आवासों की स्थिति की समीक्षा की और अप्रारंभ आवासों के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्रगतिरत आवास निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिन हितग्राहियों ने योजनांतर्गत प्राप्त राशि का दुरूपयोग किया है,उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज कराने और राशि वसूली की प्रक्रिया जल्द शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

# खेतौली पंचायत में लाखों रुपए की अनियमितता की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

अविभाजित कोरिया व नवीन एमसीबी जिला के जनपद पंचायत भरतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत खेतौली में अ नियमितता का मामला सामने आया है।

यहां पदस्थ प्रभारी पंचायत सचिव और सरपंच आपसी मिलीभगत कर पंचायत के 14 वां 15 वां एवं मूलभूत योजना सहित अन्य योजनाओं की राशि को मनमाना ढंग से फर्जी प्रस्ताव एवं फर्जी बिल के जरिए लाखों रूपए आहरण कर गबन कर लिए हैं। उक्त मामले की जानकारी ग्रामीणों को लगते ही उन्होंने जनपद पंचायत भरतपुर से लेकर जिला पंचायत कोरिया एवं कलेक्टर को 29 सितंबर 2021 को लिखित शिकायत पत्र प्रस्तुत कर कार्रवाई की मांग किया गया। शिकायत पर तत्कालिक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया बैकुंठपुर ने संज्ञान में लेकर कार्यालयीन पत्र क्रमांक 39 12 अप्रैल 2022 जारी कर जनपद पंचायत भरतपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, लेकिन कार्रवाई नहीं हो सकी। वहीं पंचायत सचिव ग्राम पंचायत खेतौली में कार्यरत होने से पूर्व इनका ग्राम पंचायत चांटी एवं ग्राम पंचायत लरकोड़ा में पदस्थापना थी। यहां 14 वां वित्त एवं मूलभूत मद की राशि सहित विभिन्न विकास कार्यों की लाखों रूपए फर्जी बिल व्हाउचर के माध्यम से आहरण कर गबन कर लिया है, इससे इनके कार्यकाल की कई निर्माण कार्य वर्तमान में अधूरा पड़ा है, जबकि वर्षों पहले ही पंचायत खाता से राशि आहरण कर ली गई है।





### जांच कराएंगे

जिपं सीईओ के जांच आदेश का पत्र मुझे जानकारी नहीं है। आदेश पत्र मंगवाकर जांच कराउंगा।

-अनिल अग्निहोत्री
सीईओ जनपद पंचायत भरतपुर

## देवशयनी के साथ ही चातुर्मास प्रारंभ अब नहीं होंगे मांगलिक कार्य

**बैकुण्ठपुर।** बुधवार को देवशयनी एकादशी के दिन व्रत रखकर कई श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना घरों एवं मंदिरों में किया। इसके साथ ही आत्म संयम का पर्व चातुर्मास भी प्रारंभ हो गया, जिससे कि इसके बाद आने वाले चार माह तक साधना उपवास के साथ तीज त्योहार का उल्लास बना रहेगा। इस बार 17 जुलाई को देवशयनी पड़ा। इस दिन कई लोगों के द्वारा व्रत रखकर पूजा-अर्चना की गई, इसके साथ ही दान पुण्य भी किया गया। माना जाता है कि देवशयनी एकादशी के दिन व्रत रखकर पूजा-अर्चना करने से अक्षय फल मिलता है। यही कारण है कि कई श्रद्धालु भगवान का आर्शीवाद प्राप्त करने के लिए इस दिन उपवास रखकर पूजा-अर्चना के साथ दान पुण्य करते हैं। शास्त्रों के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु चार माह के लिए निद्रा के लिए चले जाते हैं, इसके कारण इस दिन से विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्यो पर रोक लग जाता है। उल्लेखनीय है कि जुलाई माह के पहले पखवाडे में गिनती के विवाह मुहूर्त रहे, इसमें कई विवाह संस्कार संपन्न कराए गए। अब देवशयनी के साथ ही चातुर्मास प्रारंभ हो गया। इस दौरान चार माह तक विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्य बंद रहेंगे, इसके बाद नवंबर माह में विवाह के मुहूर्त हैं। इस तरह चार माह बाद फिर से शहनाई बजेंगे।



## जिला पंचायत के सीईओ ने सभी निर्माण एजेंसी को दी सख्त चेतावनी

# मानक अनुसार काम नहीं करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई, प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

जिले में हो रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले और घटिया निर्माण करने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने सभी निर्माण एजेंसी को सख्त चेतावनी जारी करते हुए कहा कि किसी भी योजना के तहत होने वाले निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ कराएं अन्यथा कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहे।

इस तरह के एक मामले में संज्ञान लेते हुए जिला पंचायत सीईओ ने निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले कार्य एजेंसी पर बेहद सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। अब निर्माण एजेंसी को घटिया निर्माण कार्य तोड़कर नए सिरे से कार्य कराना होगा। यह निर्माण कार्य का मामला सोनहत जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत कैलाशपुर का है। यहां महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत 300 मीटर सामुदायिक नाली का निर्माण कार्य ग्राम पंचायत के द्वारा कराया जाना था, लेकिन ग्राम पंचायत ने लापरवाही बरतते हुए निर्धारित मानक के अनुसार कार्य नहीं कराया। इसी प्रकार एक अन्य तटबंध कार्य व स्टॉपडेम कार्य भी मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी, लेकिन इन कार्यों में भी मानक और गुणवत्ता का ध्यान न रखते हुए निर्माण एजेंसी ने मनमाने तरीके से कार्य करा दिया। इस मामले की शिकायत प्राप्त होते ही कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ ने तुरंत जांच टीम बनाकर मौके पर रवाना की। जिला पंचायत में कार्यरत सहायक ⏭ शेष पेज 4 पर



जांच के लिए पहुंचा दल।

### घटिया निर्माण व सप्लायर पर कार्रवाई हो: देवेन्द्र

**सोनहत।** विकासखंड के कैलाशपुर ग्राम पंचायत में जिले की टीम द्वारा बुधवार को निरीक्षण किया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत में मनरेगा के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्य निर्धारित मानक के विपरीत हो रहे हैं। ग्राम पंचायत एजेंसी को सामग्री का सप्लाई करने वाले सप्लायर इस कार्य में मनमानी तरीके से सामग्री सप्लाई कर रहे हैं। घटिया निर्माण सामग्री के साथ-साथ प्राक्कलन में जो सामग्री आवश्यकतानुसार लगाई जानी है, निर्माण कार्यों में उनका उपयोग नहीं किया गया है। सोशल मीडिया में समाचार प्रकाशित होने के बाद क्षेत्र के पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कलेक्टर से आग्रह किया कि जिन सप्लायर्स द्वारा अपने फायदे के लिए घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है, ग्राम पंचायत के सरपंच एवं अधिकारियों को गुमराह कर सभी कार्य आनन-फानन में मनमानी ढंग से निष्पादित किए जाते हैं। शासन की योजनाओं में लापरवाही करते हुए विकास कार्यों को बाधित करने का प्रयास किया जाता है, उन पर कार्रवाई किया जाए। पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री तिवारी ने कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन जिला पंचायत कोरिया को पत्र प्रेषित ⏭ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप



### अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

**सीतापुर।** अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाने शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिवक्ता कक्ष परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार टोप्पो थे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर जनपद उपाध्यक्ष शैलेश सिंह एवं एसडीएम रवि राही उपस्थित रहे। इस दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कीर्ति गुप्ता, सचिव कन्हैया गुप्ता एवं नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री भाजपा किसान मोर्चा अनिल अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता, रोशन गुप्ता, केके गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ संतोष गुप्ता, एसडीओपी राजेंद्र मंडावी, तहसीलदार रामराज सिंह, नायब तहसीलदार आरएस पैंकरा समेत अधिवक्ता उपस्थित थे।

### कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों को वितरण किया गया प्रमाण पत्र



**रामानुजनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनपुर में नीट फाऊंडेशन एवं इंडस टावर के संयुक्त तत्वाधान में डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन वेन द्वारा कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक भुलन सिंह मरावी द्वारा बच्चों से सीधा संवाद कर उनके भविष्य के लक्ष्य के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्हें नए उत्साह के साथ पढ़ने हेतु प्रेरित किया गया। बीईओ पंडित भारद्वाज ने कहा कि डिजिटल साक्षरता आज के समय में अनिवार्य है। अतिथियों द्वारा नव प्रवेशी छात्राओं को चंदन तिलक लगाकर , मिठाई खिलाकर, पुस्तक वितरित किया गया तथा कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा पौध रोपण किया गया। इस दौरान विजय सिंह,मानिक चंद सिंह,, उमाशंकर साहू, राजकुमार साहू अजीत कुमार गुप्ता, रमेश कुमार गुप्ता, जितेंद्र राठौर, राकेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### डीएवी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण



**बिश्रामपुर।** नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में प्राचार्य एचके पाठक के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एलआर साहू व वरिष्ठ क्रीड़ा शिक्षक पीके वैद्य के नेतृत्व में गत 16 जुलाई को एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत विद्यालय परिसर में आम, जामुन, अमरूद, नीम, पाम, मौलश्री आदि पौधों का पौधरोपण किया गया।कार्यक्रम में प्राचार्य एचके पाठक ने कहा कि पेड़ -पौधे प्रकृति के श्रृंगार हैं। पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण अति आवश्यक है। पेड़ -पौधे मां की तरह हमारा पालन पोषण कर हमें नवजीवन प्रदान करते हैं। ये हमें शुद्ध प्राण वायु, फल-फूल व कीमती औषधियां प्रदान करते हैं और पशु-पक्षियों के लिए आश्रयदाता हैं। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ वातावरण बनाए रखने पर ज़ोर देते हुए धरा को हरा-भरा बनाए रखने का संदेश दिया। आयोजन को सफल बनाने में ग्रंथपाल रामजी सिन्हा, अध्यापक राजदेश पांडेय, ऋषभ रॉय एवं स्वयंसेवकों सहित विद्यालय परिवार का योगदान रहा।

### ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों ने आरक्षण के लिए सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** प्रांतीय संगठन आव्हान पर ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों ने अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो एवं लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज को मुख्यमंत्री के नाम 22 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। महासभा द्वारा 2021 की लंबित जनगणना को शीघ्र कराने, ओबीसी के लिए पृथक कोड जारी करने, 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की गई है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष परशुराम सोनी, सुभाष साहू, आनंद यादव, सुरेंद्र साहू, पंकज गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

### महतारी वंदन योजना का लाभ देने केबिनेट मंत्री को लिखा पत्र

**बिश्रामपुर।** सरगुजा के पूर्व सांसद स्व.मुरारी लाल सिंह के निज सहायक रहे दुर्गेश राजवाड़े ने राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को ज्ञापन सौंप कर महतारी वंदन योजना का लाभ वंचित अविवाहित महिलाओं को दिए जाने हेतु पत्र लिखा है ,इसमें समाज में रहने वाले ऐसी महिलाऐं जिनका किसी कारणवश विवाह नहीं हो पाया है उन्हें भी इस योजना में शामिल कर लाभ देने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सिर्फ़ छतीसगढ़ राज्य ही नहीं अपितु पूरे भारत वर्ष में कुछ ऐसी महिलाएं हैं जो विकलांगता, कुरूपता अथवा विवाह का समय निकल जाने सहित अन्य घरेलू परेशानियों/ जिम्मेदारियों के कारण जिनका विवाह नहीं हो पाया है , उनकी सामाजिक व आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब है।ऐसी महिलाओं को भी इस योजना का लाभार्थी बनाए जाने पर ही सामाजिक एकरुपता आएगी और उन्हें जीवन यापन में सहूलियत होगी। ज्ञापन की एक प्रति मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को भी प्रेषित की गई है।

प्रवेश के लिए कॉलेजों ने शुरू की ओपन फॉर ऑल की प्रक्रिया

# कॉलेजों में प्रवेश की प्रक्रिया पड़ी धीमी, एक पखवाड़े बाद भी 50 फीसदी सीटें खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नई शिक्षा नीति के तहत कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हुए एक पखवाड़ा का समय गुजरने को है लेकिन अभी तक प्रक्रिया में तेजी नहीं आ पाई है। कॉलेजों में अभी भी 50 फीसदी सीटें रिक्त पड़ी हैं तथा बेहद कम संख्या में विद्यार्थी प्रवेश लेने पहुंच रहे हैं।

**खास बात**

- समय पर पाठ्यक्रम पूरा करने 1 अगस्त से शुरू होंगी कक्षाएं

एसजीजीयू ने स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए विवि के पोर्टल पर प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की सूची 1अगस्त को संबंधित महाविद्यालयों को भेज दी थी। महाविद्यालयों ने आगामी दिवस को मेरिट सूची जारी कर प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी थी। शुरुआत में इक्के-दुक्के विद्यार्थी पहुंचते थे तथा मेरिट सूची में अपना नाम देखकर वापस लौट जाते थे। पहले सप्ताह गिने-चुने विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। अभी भी प्रवेश प्रक्रिया में तेजी नहीं आ पाई है। कॉलेजों में काफी धीमी गति से प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। संभाग के सबसे बड़े महाविद्यालय पीजी कॉलेज में दो साल पूर्व तक प्रवेश के लिए भारी भीड़ उमड़ती थी। पिछले साल कॉलेज में नई शिक्षा नीति के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया था। प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने आवेदन किया था लेकिन नए पाठ्यक्रम को लेकर ऊहापोह की स्थिति निर्मित होने के कारण काफी धीमी गति से प्रवेश चलता रहा। शासन द्वारा बार-बार प्रवेश की तिथि बढ़ाने के बाद एडमिशन की प्रक्रिया पूरी हुई। इस बार समय पर पाठ्यक्रम पूरा करने के साथ ही निर्धारित समय पर सेमेस्टर की परीक्षाएं पूर्ण करने के उद्देश्य से शासन द्वारा 31 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्णय लिया गया है। प्रवेश की धीमी रफ्तार को देखते हुए पीजी कॉलेज को छोड़कर अन्य सभी महाविद्यालयों ने प्रवेश को ओपन फॉर ऑल कर दिया है तथा पहले आओ-पहले पाओ की नीति अपनाना शुरू कर दिया है। इसके विपरीत प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की लंबी सूची होने के कारण पीजी कॉलेज ने तीसरी मेरिट सूची जारी की है। तीसरी सूची से 18 जुलाई तक प्रवेश लिया जाएगा तथा 19 जून से पीजी कॉलेज भी बिना मेरिट सभी के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर सकता है। कॉलेजों में खाली पड़ी सीटों पर कुलपति की अनुमति से 25 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रवेश लिया जाएगा। वर्तमान में राजीव गांधी शासकीय पीजी कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष में 880 सीट के विरूद्ध 405, बीएसई में 485 सीट के विरूद्ध 203, बीकॉम में 440 सीट के विरूद्ध 236 एवं बीसीए के 60 सीट के विरूद्ध 40 एडमिशन हुए हैं। राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कला संकाय में 200, स्नातक गृह विज्ञान में 190, बीएससी मैथ में 40 प्रवेश हुए है। स्वामी आत्मानंद विज्ञान महाविद्यालय में 73 फीसदी सीटों पर प्रवेश पूरा हो गया है।



**खेती में व्यस्तता बड़ा कारण**

प्रवेश की धीमी रफ्तार के पीछे प्राध्यापक खेती-किसानी में विद्यार्थियों के व्यस्त होने एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए हुई परीक्षा का परिणाम घोषित नहीं होने को बड़ा कारण मान रहे हैं। प्राध्यापकों का कहना है एक समय में गांव-गांव में धान की रोपाई होने के कारण मजदूरों की कमी हो जाती है। ऐसे में परिवार के सभी सदस्य मिलकर अपने खेतों में धान की रोपाई करते हैं। खेती में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी भी परिवार के सदस्यों के साथ भागीदारी करते हैं। ऐसे विद्यार्थी अंतिम समय में प्रवेश लेते हैं। अभी नर्सिंग, बीफार्मा, पीएटी, पीईटी, पीपीटी प्रवेश का परिणाम घोषित नहीं किया गया है। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा दी है। परीक्षा परिणाम घोषित नहीं होने के कारण विद्यार्थी ऊहापोह की स्थिति में प्रवेश नहीं ले रहे हैं। जून के अंत में स्कूलों के खुलने एवं टीसी नहीं मिलने तथा नए पाठ्यक्रम की पर्याप्त जानकारी नहीं होने को भी कारण माना जा रहा है।

**अत्यंत उपयोगी पाठ्यक्रम**

पीजी कॉलेज के प्राध्यापक डॉ.एसएन पाण्डेय ने बताया कि नयी शिक्षा नीति के तहत संचालित पाठ्यक्रम काफी उपयोगी एवं सुविधाजनक है। पाठ्यक्रम में सालाना परीक्षा की जगह सेमेस्टर परीक्षा की सुविधा मिलेगी। पाठ्यक्रम को आसान बनाकर विद्यार्थियों को तनाव मुक्त करने का प्रयास किया गया है। पाठ्यक्रम में प्राप्त क्रेडिट के आधार पर प्रमाण पत्र, डिप्लोमा, डिग्री, आनर्स एवं शोध की पात्रता मिलेगी। पूर्व की तरह विद्यार्थी तीन साल में प्राप्त क्रेडिट के आधार पर स्नातक एवं चार साल में आनर्स के साथ सीधे शोध कार्य कर सकेंगे। पाठ्यक्रम में जेनेरिक इलेक्टिव कोर्स अंतर्गत अपने मूल संकाय के अतिरिक्त विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय के विषयों एवं वैल्यू एडिशन कोर्स के तहत रोजगार परक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई की सुविधा मिलेगी तथा इसके क्रेडिट अंक भी दिए जाएंगे। जेनेरिक इलेक्टिव कोर्स भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में मदद करेगा। पाठ्यक्रम में सबसे बड़ी सुविधा मल्टीपल एंट्री एवं मल्टीपल एक्जिट की है जिसके तहत विद्यार्थी कभी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकता है तथा छोड़ सकता है। पाठ्यक्रम को 7 साल के भीतर पूरा करने का समय निर्धारित किया गया है।

**प्रवेश 21 जुलाई तक**

कॉलेजों द्वारा प्रवेश के लिए पहले आओ, पहले पाओ की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है। इस प्रक्रिया के तहत बिना मेरिट सूची के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है। जरूरत पड़ी तो 25 जुलाई के बाद प्रवेश आवेदन के लिए फिर पोर्टल खोला जाएगा लेकिन 31 जुलाई के बाद प्रवेश नहीं लिए जाएंगे।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव, एसजीजीयू



## विधायक अग्रवाल ने किया अग्रसेन चौक का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 7 में महाराज अग्रसेन चौक का लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में अंबिकापुर के विधायक राजेश अग्रवाल मुलहै अतिथि के रूप में शामिल हुए, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा, समाज के अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल उपस्थित रहे।

- विधायक राजेश अग्रवाल, सामरी विधायक पैकरा हुए शामिल

बता दें कि नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 7 में राधेश्याम अग्रवाल द्वारा अपनी माता स्व. मूर्ती देवी अग्रवाल की स्मृति में अग्रसेन चौक का निर्माण कराया गया है। अग्रसेन चौक के निर्माण हेतु नगर पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष व पार्षदों द्वारा सहमति प्रदान की गई थी। आज विधिवत महाराज अग्रसेन की प्रतिमा का अनावरण करने के साथ ही चौक का लोकार्पण किया गया। इस दौरान विधायक श्री अग्रवाल में अग्रसेन चौक बनाने के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षदों के साथ ही नगर की जनता का आभार जताया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री की योजना एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि नगर पंचायत में अग्रवाल समाज द्वारा बनवाया गया भवन सभी समाज के काम आ रहा है। आज से यह चौक महाराजा अग्रसेन चौक के नाम से जाना जाएगा। सभा के संरक्षक धंसीराम अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल समाज किसी भी समाज से भेद भाव नही करती है। चौक बनने पर नगर पंचायत का सहयोग रहा। मंच का संचालन प्रवीण अग्रवाल ने किया। अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल ने की। कार्यक्रम में राधेश्याम अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, कृष्ण अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, बंसीधर अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष शिवनाथ यादव, विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल, शंकरगढ़ जनपद अध्यक्ष शिवशंकर मराबी, मिट्ठू अग्रवाल, पवन अग्रवाल, दीपक मित्तल, अन्य अग्रवाल समाज व नगर के नागरिक थे।

## बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले सीएचओ की सेवा हुई समाप्त

**बिश्रामपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सिंह द्वारा कार्यवाही करते हुए आयुष्मान आरोग्य मंदिर कसकेला में कार्यरत कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर अपर्णा साहू की ड्यूटी सेवा समाप्त कर दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अर्पणा साहू सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी 28 फरवरी से 12 जुलाई 2024 तक लगातार बिना सूचना दिए अनुपस्थित थी जिसके कारण उनकी सेवा समाप्त कर दी गई है। विकासखंड सूरजपुर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर कसकेला में पदस्थ श्रीमती अपर्णा साहू के अनुपस्थिति पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी सूरजपुर डॉ. प्रशांत सिंह द्वारा उन्हें स्पष्टीकरण सहित कार्य पर उपस्थित होने हेतु कई बार नोटिस दिया गया परंतु उनके द्वारा पत्र का जवाब नहीं दिया गया। साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा भी अनुपस्थित रहने का कारण सहित जिला कार्यालय में अपनी उपस्थिति देने हेतु पत्र दिया गया था, परंतु उनके द्वारा नियत तिथि तक पत्र का जवाब उपस्थित होकर नहीं दी गई। पूर्व में भी श्रीमती अपर्णा साहू द्वारा कई बार उक्त कृत्य किए जाने पर पत्र जारी करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा समझाईश देते हुए अंतिम चेतावनी दी गई थी।

- खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने कई बार जारी किया था नोटिस, नहीं मिला कोई जवाब

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ मानव संसाधन नीति 2018 के कण्डिका 34.7 के तहत श्रीमती साहू की सेवा समाप्त की गई है।

## पशु चिकित्सालय में दिया गया बकरी पालन का प्रशिक्षण



**लखनपुर।** पशु चिकित्सा विभाग द्वारा बकरी पालन को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन पशु चिकित्सालय में किया गया। उप संचालक डॉ. तनवीर अहमद के निर्देश पर 15 से 16 जुलाई को आयोजित प्रशिक्षण में आधुनिक तरीके से बकरी पालन, बकरी के उन्नत नस्ल, बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान का महत्व, टीकाकरण, बधियाकरण, केसीसी योजना, बकरी पालन योजना तथा औषधीय पौधों का बकरी पालन में उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में कुल 42 पशुपालकों ने पंजीयन कराकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. सफदर खान ने बताया गया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य बकरी पालकों को आधुनिक तकनीकी जानकारी देना तथा एन एल एम बकरी पालन योजना में लोन लेकर कैसे व्यवसाय प्रारंभ किया जाए उसे बताना था। इस दौरान डॉ. मोहिनी श्रीवास्तव, डॉ. नेहा सिंह, सुखदेव तिर्की, रेणुका सिंह तथा पशु चिकित्सालय के कर्मचारी व हितग्राही मौजूद थे।

## गौसिया कमेटी ने बच्चों को किया सम्मानित



**लखनपुर।** मुस्लिम समाज के मातमी पर्व मोहर्रम के अवसर पर सोमवार को नगर के इमामबाड़ा में अंजुमन गौसिया कमेटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। गौसिया कमेटी द्वारा समाज के बच्चों के बीच नात, तक़रीर, इस्लामिक सवाल जवाब की प्रतियोगिता कराई गई और बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही कक्षा आठवीं, दसवीं और बारहवीं में बेहतर प्रदर्शन कर सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले समाज के बच्चों को नगद इनाम देकर प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान मौलाना हसन राज, कमरूजमा, शमीम खान, इकरार खान, शम्स खान, वसीम अख्तर, रियाज खान, इमरान खान, आरिफ खान सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।



## अवैध रेत परिवहन से गांव की कच्ची सड़क हुई बदहाल ग्रामीणों को पैदल चलने में हो रही परेशानी

**बिश्रामपुर।** प्रतिबंध के बाद भी बदस्तूर जारी अवैध रेत उत्खनन व परिवहन कार्य की वजह से बारिश के दिनों में ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता की वजह से आमजन में खासी नाराजगी व्याप्त है। जिला मुख्यालय सुरजपुर से कुछ ही दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत कुरवां में स्थित रेड़ नदी से शासन के मंशानुरूप मध्य जून से रेत उत्खनन व परिवहन कार्य प्रतिबंधित किए जाने के बावजूद यहां गांव के पंडितपारा की सड़क बारिश में कीचड़ में तब्दील हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कुरुवां पंडितपारा में बैगा घर से नदी तक की सडक की स्थिति इतनी दयनीय हो गई है कि यहां पर अब आमजन को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। यूं तो प्रशासन द्वारा रिकार्ड में अवैध रेत उत्खनन व परिवहन कार्य प्रतिबंध तो कर दिया है लेकिन मैदानी स्तर पर वास्तविकता कुछ और ही बयां कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर अवैध रूप से रेत उत्खनन व परिवहन कार्य की वजह से सड़क पर बारिश के दिनों में कीचड़ होने की वजह से लोग आए दिन छोटी बड़ी दुर्घटनाओं के शिकार भी हो रहे हैं। बावजूद इसके आमजन की उक्त गंभीर समस्या की ओर ध्यान देना किसी भी जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि द्वारा ध्यान दिया जाना उचित नहीं समझा जा रहा है, जिसका खामियाजा बेवजह आमजन को भुगतना पड़ रहा है।

## स्टॉप डायरिया कैंपेन के तहत बच्चों के समक्ष हाथ धुलाई का किया गया प्रदर्शन



**बिश्रामपुर।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय के तत्वाधान में कलेक्टर सूरजपुर रोहित व्यास के निर्देशन में बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु की रोकथाम के उद्देश्य से स्टॉप डायरिया कैम्पेन-2024 का आयोजन जिले में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक किया जाना है। सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी संस्थाओं में प्रत्येक मंगलवार को प्रातः10 बजे स्कूल प्रांगण में स्कूलों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के बीच हाथ धोने की प्रक्रिया का प्रदर्शन स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से किया जा रहा है।इसकी शुरुआत संकुल कन्या विश्रामपुर के प्राथमिक शाला कन्या शिवनंदनपुर से की गई, जिसमें विद्यालय में छात्राओं को संकुल समन्वयक गौरीशंकर पांडेय की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य अधिकारी नीलिमा दास और ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक सुनील पाटकर द्वारा बच्चों को हाथ धुलाई के सभी 6 स्टेप प्रकिया बताए गए। साथ ही डायरिया से होने वाले नुकसान से कैसे बचा जा सकता है, के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधान पाठक दयामणी लकड़ा, शिक्षिका मनीषा, संजू उपस्थित रहे।

## पखवाड़े भर बाद भी मारपीट के मामले में नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

पखवाड़े भर पहले कांग्रेसी कार्यकर्ता व पत्रकार के साथ हुए मारपीट मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से पत्रकारों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी है। 4 जुलाई को कोतवाली परिसर में एसडीएम जगन्नाथ वर्मा द्वारा कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ एक पत्रकार से मारपीट के मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। इस घटना के बाद कांग्रेसियों द्वारा कलेक्टर से शिकायत की गई थी जिस पर कलेक्टर रोहित व्यास ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया था और एक सप्ताह का समय मांगा था। किन्तु एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी एसडीएम जगन्नाथ वर्मा पर कोई भी कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है।

- आंदोलन की तैयारी में कांग्रेस



कांग्रेसी कार्यकर्ता अफरोज खान और राजेश साहू को एसडीएम जगन्नाथ वर्मा ने 4 जुलाई को कोतवाली में चर्चा के लिए बुलाया था। चर्चा के दौरान ही दोनो की डंडे से पिटाई करने लगे। इसी बीच वहां से गुजर रहे पत्रकार अनवर खान कोतवाली में स्कूटी खड़ी कर के अपने मोबाइल से विडियो बनाने लगे तो एसडीएम जगन्नाथ वर्मा ने वीडियो बनाते देख कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को छोड़कर पत्रकार अनवर खान के तरफ डंडा लेकर दौड़े और गाली गलौज करते हुए डंडे से मारपीट की गई। पत्रकार अनवर खान ने अपना परिचय दिया बावजूद इसके एसडीएम जगन्नाथ वर्मा ने एक नहीं सुनी। इधर घटना को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने मामले की जांच के लिए एक टीम भेजा था जिसने तमाम लोगों से बातचीत के बाद अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस को सौंपा था। प्रेस वार्ता के दौरान कहा था कि प्रशासन ने कार्रवाई के लिए हफ्ते भर का समय मांगा है हफ्ते भर बाद कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस आंदोलन करेगी। एक सप्ताह का समय बीच गया तो कांग्रेस भी चुप्पी साध लिया है। इस घटना की निंदा जिला पत्रकार संघ ने भी की थी, और मामले में कार्रवाई की मांग की थी। इस आश्वासन के बाद भी कार्रवाई न होने से कांग्रेस कार्यकर्ता सहित पत्रकारों में भारी आक्रोश है।

**आंदोलन करने को है बाध्य**


एसडीएम जगन्नाथ वर्मा द्वारा मारपीट करने के मामले में कार्रवाई के लिए कलेक्टर ने एक सप्ताह का समय मांगा था। एक सप्ताह पूरा भी हो गया परंतु अभी तक एसडीएम जगन्नाथ वर्मा के विरूद्ध किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे में हम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से बात कर मामले को उनके संज्ञान में लाकर एक बड़ा आंदोलन करने को बाध्य हैं।

-**भगवती राजवाड़े**, जिलाध्यक्ष कांग्रेस सूरजपुर

## खुले आसमान के नीचे मिली एक्सपायर दवाइयां

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले में उद्यान विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। उद्यान विभाग द्वारा किसानों को वितरित करने के लिए मंगवाई गई दवाइंया विभाग में पड़े पड़े ही एक्सपायर हो गई लेकिन इसका लाभ जरूरतमंद किसानों को नहीं मिला। चार वर्षों तक विभाग में पड़े पड़े खराब होने के बाद इन दवाओं को लापरवाहीपूर्वक खुले में फेंक दिया गया है जबकि नियमतः इन दवाओं को खुले आसमान के नीचे फेंकना प्रतिबंधित है। अब अधिकारी इस मामले की जांच करने की बात कह रहे है। बताया जा रहा है कि वाड्रफनगर के कैलाशपुर नर्सरी में सोमवार को खुले आसमान के नीचे भारी मात्रा में कीटनाशक दवाइयां फेंकी हुई मिली है। फेंकी गई दवाइयों की तिथि एक्सपायर हो गई है। कचरे के ढेर में मिली दवाओं को लेकर अब सवाल खड़े हो गए है। इन दवाओं की सप्लाई उद्यानिकी विभाग में चार वर्ष पूर्व की जाती थी और लाभार्थियों को विभाग की ओर से ही दवाओं का वितरण किया जाता था। हालांकि अब डीबीटी की व्यवस्था लागू है और इसका लाभ सीधे हितग्राहियों को मिलता है लेकिन बड़ा सवाल यही है कि विभाग में सप्लाई के बाद भी कितने हितग्राहियों को दवा प्रदान नहीं की गई। वहीं सबसे बड़ी बात यह है कि इन दवाओं को एक्सपायर होने के बाद नियमानुसार नष्ट करने का प्रावधान है लेकिन लापरवाह अधिकारी कर्मचारियों द्वारा दवाओं को खुले आसमान के नीचे फेंक दिया गया है जो काफी खतरनाक है। इस तरह खुले में पड़ी दवाओं को खाकर मवेशियों की मौत हो सकती है जबकि आस पास के लोग भी प्रभावित हो सकते है। इस संबंध में उद्यान विभाग के सहायक संचालक पतराम सिंह पैकरा ने बताया कि मामले की जानकारी आई है और जांच के बाद कार्रवाई होगी। वर्तमान में डीबीटी के माध्यम से हितग्राही लाभान्वित हो रहे है।

- उद्यान विभाग की लापरवाही, कैलाशपुर नर्सरी में मिली दवाइयां



## कबाड़ चोरी के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**बिश्रामपुर।** तीन दिनों पूर्व एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के कुमदा सहक्षेत्र कार्यालय प्रांगण बलरामपुर पुराना मुहाड़ा में लगे बेल्ट स्ट्रक्चर सहित अन्य लोहे की सामग्री चोरी करने मामले में शामिल तीन कबाड़ चोरों को बिश्रामपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को सूरजपुर न्यायालय पेश किया है। सुरक्षा कर्मी उजित राम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बलरामपुर खदान के पुराना मुहाड़ा सहक्षेत्र कार्यालय परिसर में अज्ञात कबाड़ चोरों ने पिकअप वाहन लगाकर खदान के बेल्ट स्ट्रक्चर सहित अन्य लोहे की सामग्री को ले जा रहे थे तभी सूचना पर पहुंची त्रिपुरा बटालियन सहित क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची जिसे देखकर कबाड़ चोर पिकअप वाहन छोड़कर भाग खड़े हुए। इस दौरान संयुक्त सुरक्षा टीम ने मौके से वाहन व सामान को जब्त कर बिश्रामपुर पुलिस को सुपुर्द करते हुए कुछ संदेहियों के नाम बताए थे। मंगलवार को पुलिस ने चोरी के मामले में शामिल तीन आरोपी क्रमशः करन सोनी उर्फ गोल्डन पिता राजेश सोनी 19 वर्ष निवासी केनापारा,कामरान कुरैशी उर्फ राजा पिता मो यूनिस कुरैशी 26 वर्ष निवासी करंजी माझापारा व संतोष सिंह उर्फ गुड मॉर्निंग पिता लल्लन सिंह गोंड निवासी कुमदा बस्ती को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश किया है।



# 'मनोरथंगल' के ट्रेलर ने जीता फैंस का दिल

**नई दिल्ली।** अपकमिंग मलयालम एंथोलॉजी सीरीज़ 'मनोरथंगल' का पहला ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसे ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता लेखक और पटकथा लेखक-निर्देशक एमटी वासुदेवन नायर के जन्मदिन पर रिलीज किया गया। नायर द्वारा लिखित इस सीरीज़ में एक, दो नहीं बल्कि 9 सुपरस्टार्स नजर आने वाले हैं। इनमें सुपरस्टार ममूटी, मोहनलाल, फहद फासिल, कमल हासन, पार्वती थिरुवोथु और मधु जैसे कई बेहतरीन एक्टर्स का नाम शामिल हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद फैंस इसे ब्लॉकबस्टर मास्टरपीस कहते हुए नजर आ रहे हैं और रिएक्शन देते दिख रहे हैं।

लाइफ Style



# जाह्नवी 'डिप्टी हाई कमिश्नर' बनीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जान्हवी कपूर और गुलशन देवैया की मोस्ट अवेटेड स्पाई थ्रिलर फिल्म 'उलझ' का दमदार ट्रेलर 16 जुलाई को जारी किया गया। जंगली प्रोडक्शन की फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसमें सस्पेंस, एक्शन और ड्रामा तीनों का मिक्स देखने को मिला।

नेशनल अवॉर्ड-विनिंग डायरेक्टर सुधांशु सरिया के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में जान्हवी सबसे कम उम्र की डिप्टी हाई कमिश्नर सुहाना भाटिया का किरदार निभा रही हैं। उनके सिलेक्शन पर सवाल खड़े होते हैं। कुछ लोग आरोप लगाते हैं कि सुहाना की नियुक्ति में नेपोटिज्म का काफी हाथ है, क्योंकि वह एक समृद्ध परिवार से हैं। वह अपने डिपार्टमेंट में अपनी जगह बनाने के लिए काफी मशक्कत करती हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि जान्हवी लंदन एंबेसी की एक खबरी की तलाश में निकलती हैं और खुद ही उसके जाल में फंस जाती हैं। अपने ऊपर लगे देशद्रोह का आरोप हटाने के लिए और देश की रक्षा करने के लिए वह उन लोगों से भी भिड़ती हैं, जिन्होंने उन्हें और उनके देश को धोखा दिया है। फिल्म में रोशन मैथ्यू, आदिल हुसैन, राजेश तैलंग, मेयांग चांग, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी हैं। जान्हवी कपूर ने फिल्म का ट्रेलर इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'हर किसी के पास एक कहानी है। हर कहानी के सीक्रेट्स हैं। हर सीक्रेट में ट्रैप है। इस 'उलझ' को सुलझाना आसान नहीं है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है और यह फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला



# रैपर खलीफा ने मांगी माफी

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी रैपर विज खलीफा ने सोशल मीडिया पर रोमानिया देश से माफी मांगी है। उन्होंने उस देश में परफॉर्मेंस दी थी, और स्टेज पर ही स्मोकिंग करनी शुरू कर दी थी, जिसके कारण पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मगर बाद में उनको रिहा कर दिया गया था। अब उनकी माफी की चर्चा हो रही है। अमेरिकी रैपर विज खलीफा ने सोशल मीडिया पर सभी से माफी मांगी है। दरअसल, उनको रोमानिया में अपनी परफॉर्मेंस के दौरान ड्रग्स के सेवन के लिए गिरफ्तार किया गया था।




# टीवी स्टार किम को पड़ी लताड़...

**मुंबई।** अमेरिकी रियलिटी टीवी स्टार किम कार्दशियन और उनकी बहन क्लोई कार्दशियन 12-14 जुलाई के बीच मुंबई में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी के उत्सव का हिस्सा थीं। सोमवार को, किम ने सेलिब्रेशन की नई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह सफेद और सुनहरे रंग का मनीष मल्होत्रा का लहंगा और चोली पहने हुए थीं। अब रेडिट की एक पोस्ट में दावा किया गया कि किम ने भगवान गणेश की मूर्ति के साथ अपनी तस्वीर शेयर की थी और भारी आलोचना होने के बाद किम ने अपना इंस्टाग्राम पोस्ट डिलीट कर दिया। मंगलवार को, किम की नई तस्वीरों के बारे में एक रेडिट पोस्ट में वह अंबानी की शादी के जश्न के दौरान गणेश की मूर्ति पर अपना चेहरा रखे हुए थीं। एक यूजर ने लिख दिया- भारतीय संस्कृति का अपमान नहीं सहेंगे।



# सहेली की शादी में जाना माही को पड़ा महंगा


**नई दिल्ली।** भोजपुरी एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव इन दिनों वो नाम है जो इस इंडस्ट्री में हर ओर छाया हुआ है।उनके भोजपुरी सॉन्ग रिलीज होते ही खूब पॉपुलर हो रहे हैं और फिर ये भोजपुरी गाना गोल्डी यादव ने गाया हो तो सोने पर सुहागा होना लाजिमी है।भोजपुरी सिनेमा की सुपरहिट जोड़ी माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का नया गाना रिलीज हो गया है। भोजपुरी सॉन्ग गिर गईल नथिया बरतिया में यूट्यूब पर आया है और इसमें गोल्डी की आवाज और माही का डांस दोनों ही दर्शकों के दिल जीत रहे हैं। इस गाने के बोल जितने मजेदार हैं, उतने ही शानदार तरीके से इस फिल्माया भी गया है।वैसे भी इन दिनों भोजपुरी सिनेमा में मरून कलर सड़िया की धूम है।उसी बीच यह गाना भी काफी उम्मीदें लेकर आया है। माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का भोजपुरी सॉन्ग गिर गई।



# 'किंग' में अभिषेक होंगे विलेन...

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान के फैंस उनकी अगली फिल्म के बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बीते कुछ वक्त से चर्चा है कि वह अपनी अगली फिल्म में बेटी सुहाना के साथ नजर आएंगे, जिसका नाम किंग है। फिल्म किंग में पहली बार बाप-बेटी की यह जोड़ी नजर आने वाली है। अभिषेक बच्चन फिल्म किंग में शाहरुख खान के सामने विलेन के रोल में नजर आने वाले हैं। इस बात की पुष्टि अभिषेक के पिता अमिताभ बच्चन ने की है। अमिताभ बच्चन ने रिएक्शन देते हुए पोस्ट में बेटे अभिषेक को बधाई दी और लिखा, शुभकामनाएं अभिषेक.. यह समय है !!! सोशल मीडिया पर बिग बी का यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है। एक्टर के फैंस पोस्ट को खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस ओटीटी सीजन-3 में हुआ शॉकिंग नॉमिनेशन

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 में इस हफ्ते एक वाइल्डकार्ड एंट्री हुई है, जो कि सिंगर अदनान शेख हैं। घर में एंट्री करते ही आपने देखा कि उन्होंने विशाल पांडे को चांटा मारने वाले मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए लवकेश कटारिया पर एक तंज कसा। वहीं, इसके चलते काफी बवाल भी देखने को मिला। लेकिन अब बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 का इस हफ्ते का शॉकिंग नामिनेशन देखने को मिला। दरअसल, खबरें हैं कि इस हफ्ते केवल एक ही कंटेस्टेंट नॉमिनेट हुआ है, जो और कोई नहीं बल्कि वाइल्ड कार्ड एंट्री अदनान शेख हैं। लेकिन इसके बाद आखिर में ट्विस्ट देखने को मिला है। बिग बॉस तक के अपडेट के अनुसार, इस हफ्ता का बिग बॉस नॉमिनेशन टास्क कैंसिल हो गया है। वहीं, इसके चलते अदनान शेख सिर्फ ऐसे कंटेस्टेंट है, जिसे की नॉमिनेट किया गया है। लेकिन बिग बॉस ने एक खेल खेला है और उन्हें रणवीर शौरी और विशाल पांडे के साथ अदनान को बाहर वाला बना दिया है, जिसके नियम के मुताबिक अदनान शो से बाहर नहीं हो सकते हैं।


## 22 साल बाद दोनों सिजलिंग अवतार में वापस आ गए कुमकुम और सुमित

**नई दिल्ली।** टीवी पर सबसे ज्यादा चर्चित शो 'कुमकुम' लोगों का फेवरेट था। जूही परमार और हुसैन कुवाजेरवाला ने कुमकुम और सुमित के रोल में लोगों के दिलों में इस कदर जगह बना ली कि आज भी उन्हें देखकर वो उतना ही खुश होते हैं। एक बार फिर से 22 साल बाद दोनों सिजलिंग अवतार में वापस आ गए हैं।'कुमकुम' भारतीय टेलीविजन पर सबसे फेमस शोज में से एक रहा है और इसे पूरे 22 साल हो चुके हैं। जूही परमार और हुसैन शो के जरिए एक घरेलू नाम बन गए, जो दोपहर के बैच में टीआरपी और स्लॉट लीडर था। 7 वर्षों तक राज करने वाला यह शो 2009 में लगभग 1500 एपिसोड के साथ बंद हो गया। 'कुमकुम' के 22 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए, जूही परमार ने कुछ दिन पहले टाइटल ट्रैक डाला था, जो करीब 20 मिलियन व्यूज के साथ वायरल हो गया है।



# 'फेयरी फोक' के निर्माताओं ने किया ऑनलाइन वितरण प्लेटफॉर्म लॉन्च

**मुंबई।** मनमोहक और जादुई यथार्थ से ओत-प्रोत फिल्म 'फेयरी फोक' के निर्माताओं ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट, www.fairyfolkthefilm.com के ज़रिये एक रोमांचक घोषणा की है। उनके अनुसार ये वेबसाइट अब एक ऑनलाइन वितरण प्लेटफॉर्म की भूमिका भी निभाएगी। जहां दर्शक सीधे इस फिल्म को देख सकेंगे और बदले में उन्हें भरनी होगी अपनी मनपसंद राशि। यह भारत में अपनी तरह का पहला प्रयोग है, जो फिल्म वितरण के एक नए मॉडल की शुरुआत भी है। करण गौर द्वारा निर्देशित और रसिका दुग्गल और मुकुल चड्ढा द्वारा अभिनीत 'फेयरी फोक' को मार्च 2024 में सीमित थिएटर रिलीज मिला था। मौखिक प्रचार के माध्यम से लोकप्रियता हासिल करने के बावजूद, फिल्म को महत्वपूर्ण वितरण चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसके कारण सिनेमाघरों से इसे समय से पहले हटाना पड़ा। जब स्वतंत्र फिल्मों के प्रदर्शन की बात चलती है तो डिजिटल प्लेटफार्मों की अनिच्छा भी साफ़




ज़ाहिर होती है। इन्ही चुनौतियों के जवाब में 'फेयरी फोक' की टीम ने अपनी वेबसाइट पर फिल्म को पेश करके एक अभिनव दृष्टिकोण को अपनाया है। यह प्लेटफ़ॉर्म दर्शकों को किसी भी राशि का भुगतान करने की अनुमति देता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हर कोई अपनी वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना फिल्म का आनंद ले सके।

# जगदीश राज को देख पुलिसवाले भी करते थे सैल्यूट, 144 फिल्मों में बने अफसर

नई दिल्ली। कुछ एक्टर अपनी जबरदस्त एक्टिंग और किरदार से दर्शकों के दिलों पर राज करते हैं। 1970 और 80 के दशक में कई ऐसे एक्टर हुए जिन्हें दर्शक एक ही रोल में बार-बार देखना चाहते थे। पुलिस अधिकारी के किरदार से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले एक्टर जगदीश राज को लेकर दर्शकों में कुछ इसी तरह की दीवानगी थी. जिसका नतीजा यह हुआ कि इस टैलेंटेड एक्टर ने दो-चार नहीं बल्कि 144 फिल्मों में सिर्फ पुलिस अधिकारी का रोल निभाया। पर्दे पर 144 बार पुलिस अधिकारी का किरदार निभाने के लिए उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल है।

बॉलीवुड के साथ-साथ जगदीश राज के काम से हॉलीवुड डायरेक्टर्स भी प्रभावित थे। बताया जाता है कि हॉलीवुड के एक कास्टिंग डायरेक्टर ने जगदीश के काम से प्रभावित होकर एक्टर से मिलने की इच्छा जताई थी। इसके बाद गिनेज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की जांच टीम को बुलाया गया। 144 फिल्मों में एक जैसा किरदार (पुलिस



अफसर का किरदार) निभाने के लिए एक्टर जगदीश राज खुराना का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। इस तरह मोस्ट टाइपकास्ट एक्टर का रिकॉर्ड एक्टर जगदीश राज के नाम है।जगदीश राज की बेटी अनीता राज हैं जो धर्मेंद्र के साथ नौकर बीवी का फिल्म में नजर आ चुकी हैं।

### कभी भी नहीं कटता था चालान

पुलिस के किरदार ने उन्हें ऐसी पहचान दिलाई कि एक्टर को सड़क पर देखकर पुलिस वाले भी सलाम करते थे। ऐसा कहा जाता है कि जगदीश राज पहले ऐसे बॉलीवुड एक्टर थे जिनकी सिक्योरिटी चेकिंग नहीं होती थी। पुलिसवालों के लिए एक्टर किसी रोल मॉडल से कम नहीं थे। यह भी बताया जाता है कि जगदीश राज का कभी भी चालान नहीं कटता था। 1992 में एक्टर ने फिल्मी करियर से संन्यास ले लिया था। 28 जुलाई 2013 को सांस की बीमारी के चलते 85 साल की उम्र में एक्टर का निधन हो गया था।

# शम्मी ने फैलाई थी आशा पारेख से शादी की अफवाह, शत्रुघ्न के बयान थे अपमानजनक...

*अरबाज खान द्वारा होस्ट किए जाने वाला टॉक शो द इनविंसिबल्स सीरीज सीजन 2 का नया प्रोमो सामने आ गया है, जिसमें दिग्गज एक्ट्रेस आशा पारेख बतौर गेस्ट नजर आ रही हैं और अपनी पर्सनल लाइफ पर बात करते हुए नजर आ रहे हैं। प्रोमो में वह बॉलीवुड में अपने सफ़र और बिजनेस में एक महिला होने के बारे में बताती हुई नज़र आती हैं।*

**नई दिल्ली।** अरबाज़ खान से बातचीत के दौरान वह अपने को स्टार शम्मी कपूर से अपनी कथित शादी की अफ़वाहों को मज़ाकिया अंदाज़ में बताते हुए कहती हैं, 'हां, हम शादीशुदा थे।' उन्होंने उस पल को भी याद किया जब महान गुरु दत्त ने उनकी मां को फ़ोन करके कहा था कि 'उन्हें नहीं लगता कि वह हीरोइन बन सकती हैं'। प्रोमो में एक्ट्रेस ने मजेदार किस्सा शेयर करते हुए बताया कि जब वह नाइट आउट के बाद लाल आंखों के साथ शूट के लिए सेट पर पहुंची थीं। उन्होंने कहा, मैंने अगले दिन शूट के लिए मना किया था। इसके अलावा उन्होंने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा के साथ अपने तनावपूर्ण संबंधों पर भी बात की और जिक्र किया कि उनके द्वारा की गई



नकारात्मक टिप्पणियों ने उनके पेशेवर संबंध को प्रभावित किया है। उन्होंने शेयर किया, 'यह ऐसा था जैसे चलो जैसा मैं चाहती हूं, वैसा ही करते हैं और फिर उन्होंने प्रेस में कुछ बयान दिए, जो उनके लिए बहुत अपमानजनक थे, मेरे लिए नहीं।' आशा पारेख ने कालिया के बाद फिल्मों में काम करना बंद कर दिया। इसके बाद एक ऐसा मौका आया कि उन्होंने एक्टिंग बंद कर दी। इशके बाद उन्होंने टेलीविजन की ओर रुख किया और गुजराती सीरियल ज्योति डायरेक्ट किया। उनकी प्रॉडक्शन कंपनी आक्रुति ने पलाश के फूल, बाजे पायल, कोरा कागज और दाल में काला जैसे सीरियल प्रोड्यूस किए. इसके बाद उन्होंने त्योहार धमाका रियलिटी शो जज किया।

# भक्ति में लीन हुए अनुष्का व विराट

**नई दिल्ली।** अनुष्का शर्मा और विराट कोहली उन कपल्स में से एक हैं, जो अपनी फैमिली और पर्सनल लाइफ को हमेशा लाइमलाइट से दूर रखते हुए नजर आते हैं। इसी बीच कपल का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जो कि लंदन में आयोजित एक कीर्तन का है। दरअसल, अनुष्का शर्मा ने पति विराट कोहली के साथ लंदन में यूनियन चैपल में आयोजित कृष्ण दास के कीर्तन में शिरकत की थी, जिसकी कुछ तस्वीरें भी इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस ने शेयर की थी। लेकिन इसी इवेंट से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कपल भक्ति में लीन होते हुए नजर आ रहे हैं।



## खबर संक्षेप



### गौमाता, बजरंग दल ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** बजरंग दल द्वारा लगातार गौतस्करों के विरुद्ध प्रशासन के सहयोग से कार्यवाही की जा रही है। कुछ समय से एक बड़ा गौ तस्करों गिरोह जिले में हावी है। वहीं बजरंग दल के सभी बजरंगी गौ सेवा में लगे हुए हैं। 15 जुलाई गौपालकों के साथ बजरंग दल ने कलेक्टर को गौतस्करों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए ज्ञापन सौंपा है।

### गुरसिया पुल पर एंबुलेंस पिकअप के बीच भिड़ंत

**कोरबा।** कटघोरा से अंबिकापुर मार्ग के गुरसिया पुल मे मंगलवार की तड़के लगभग 3 बजे एक सड़क हादसा हो गया, जहां मरीज लेकर अंबिकापुर से रायपुर जा रही एम्बुलेंस को लापरवाह पिकअप चालक ने ठोकर मार दी, इस दुर्घटना से एम्बुलेंस के सामने के टायर के प्रखच्चे उड़ गए और मरीज व परिजन से भरी एम्बुलेंस पुल से नीचे गिरते गिरते बची। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आयी।

### दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**कोरबा।** दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर उसे न्यायालय ने 10 वर्ष सश्रम कारावास व एक हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। अर्थदण्ड की सजा अदा ना करने पर आरोपी को 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। पसान थाना क्षेत्र के ग्राम पलमूपारा कुम्हारी दर्री निवासी बुधराम सिंह आयाम उम्र 25 वर्ष पिता रस्तम सिंह आयाम ने एक युवती का दुकान जाते समय रास्ते में हाथ पकड़कर खींचते हुए जंगल ले जाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। मामले में आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 376, 376 (2)(एम) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। मामले में आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर धारा 376 एवं धारा 376 (2), (एम) के अंतर्गत 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास तथा 1 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड की राशि अदा न करने पर आरोपी को 6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करते हुए अतिरिक्त शासकीय लोक अभियोजक कटघोरा अशोक कुमार आनंद ने पैरवी की है।

## पेज 1 का शेष...

### मानक अनुसार ...

अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के नेतृत्व में जांच दल ने अवकाश के दिन ही समस्त कार्यों का भौतिक परीक्षण किया और निर्माण कार्य के सेम्पल एकत्र कर लिए हैं। जांच टीम ने सभी कार्यस्थल की प्रथम दृष्टया रिपोर्ट में ही यह पाया कि नाली निर्माण, तटबंध निर्माण कार्य और एक स्टॉपडेम निर्माण कार्य स्वीकृति प्रावधान के अनुसार नहीं बनाए गए हैं। जांच टीम की प्रारंभिक रिपोर्ट मिलते ही सीईओ श्री चतुर्वेदी ने स्वीकृति के प्रावधानों के अनुसार कार्य न कराए जाने के कारण सभी निर्माण कार्य तोड़कर पुनः नए सिरे से सभी कार्य मानक अनुसार कराए जाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। साथ ही उन्होंने तीन दिवस में सभी कार्यस्थलों की विस्तृत जांच रिपोर्ट भी तलब की है।

### घटिया निर्माण ...

कर आग्रह किया है कि मनरेगा के कार्यों में पंजीकृत सामग्री सप्लायर्स के विरूद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए। यदि विभाग के अधिकारियों ने इन कार्यों का मूल्यांकन किया है, तब उन्हें दोषी माना जाना चाहिए। सामग्री सप्लायर बिना किसी जानकारी या अनुमति के भी मनमाने ढंग से बगैर किसी तकनीकी जानकारी के निर्माण कार्य कर रहे हैं, इसकी वजह से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बहुत ही निम्न स्तर की पाई जा रही है। जिला प्रशासन को निर्माण कार्यों के सप्लायर पर कार्रवाई के लिए कड़े नियम बनाए जाने चाहिए। ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं अन्य जिम्मेदार लोगों को भय बनाने वाले,धमकाने वाले, दबाव देकर काम करने वाले सप्लायर्स, ठेकेदार या व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। कैलाशपुर में घटिया निर्माण सामग्री सप्लाई करने वाले सप्लायर के विरूद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए।

### कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# रामलला दर्शन के लिए रवाना हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के 108 श्रद्धालु श्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्या धाम के लिए बुधवार को रवाना हुए। कलेक्टोरेट परिसर से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती खुसरो, अपर कलेक्टर अरूण मरकाम व वरिष्ठ नागरिक शैलेश शिवहरे ने बस को हरीझंडी दिखाकर इस यात्रा की शुरूआत की। श्रद्धालु श्रीराम लला के दर्शन के लिए बेहद उत्साहित नजर आए।

जय श्रीराम के उद्घोष के साथ सुबह 8 बजे यात्रियों का काफिला अंबिकापुर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हुआ, जहां से वे विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम पहुंचेंगे। छग राज्य सरकार द्वारा स्थानीय निवासियों को अयोध्या धाम यात्रा की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से लागू की गई श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) यात्रा योजना 2024 के तहत यह दूसरा चरण था। रवाना होने से पहले सभी श्रद्धालुओं की प्राथमिक स्वास्थ्य जांच की गई।

तीन अनुरक्षक राजकिशोर सिंह ,शिवलाल राजवाड़े और श्रीमती नीमा पटेल भी इस यात्रा में शामिल हैं। बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम जामपारा निवासी 65 वर्षीय रामलाल ने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि विष्णु सरकार ने हमारे सपने को साकार किया है। वहीं शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 6 अंबेडकर नगर निवासी श्रीमती रिंकी देवी सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया। 57 वर्षीय विकास तिवारी चरचा निवासी ने खुशी के साथ कहा कि वे कभी नहीं सोच सकते थे कि वे अयोध्या तीर्थ कर सकेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की योजना के लिए धन्यवाद किया। बस को हरीझंडी दिखाने के दौरान काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, यात्रियों के परिजन और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने श्रद्धालुओं को सुखद यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी।



हरीझंडी दिखाकर रवाना करते कलेक्टर व अन्य।



## अंबिकापुर स्टेशन से 57 श्रद्धालुओं का दल रवाना

**मनेन्द्रगढ़।** छग राज्य शासन द्वारा जिले के स्थानीय निवासियों को अयोध्या धाम यात्रा की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से लागू की गई है। श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) यात्रा योजना 2024 के तहत दूसरे चरण में जिले 57 श्रद्धालु अयोध्या धाम गए। 17 जुलाई को यह विशेष ट्रेन अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान किया। श्रद्धालुओं में शहरी क्षेत्र नगर निगम खड़गवां से रामधरी यादव, श्रीमती सविता देवी,श्रवण कुमार ताम्रकार, शहरी क्षेत्र नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ से रमेश चंद्र सिंघल, अशोक कुमार गप्ता, संतोष शर्मा, श्रीमती राजकुमारी शर्मा, कोपनाथ शर्मा, श्रीमती माया तल्लानी, राजकुमार गुप्ता, रामरति गुप्ता, श्रीमती रामबाई गुप्ता, कालूराम गुप्ता, शंभूनाथ पाण्डेय, ग्रामीण क्षेत्र चैनपुर से जगदीश प्रसाद शिवहरे, श्रीमती गिरिजा देवी शिवहरे, ग्रामीण क्षेत्र पहाड़हसवाही से रामधनी सिंह, चरवाही से भगवान सिंह, बरदर से रामनंदे, श्रीमती उर्मिला बाई, शिवपुर से राम चरित्र, सोनसाय, धर्मपाल सिंह, उधनापुर से श्रीमती सुरतन बाई, राम अवतार, देवसरन सिंह, नर्मद सिंह, भगवान सिंह, गंगाराम, बद्री प्रसाद, श्रीमती जामुन बाई, सूरज लाल, शंभूराम, अखिलेश, श्रीमती इंद्रकुंवर, ग्राम पंचायत भरतपुर से श्रीमती सीताबाई कंवर, मनीलाल बैगा, जट्टू बैगा, शिवप्रसाद यादव, रामचरन बैगा, वीरभान बैगा, रामप्रसाद, कौशल प्रसाद तिवारी, श्रीमती विमला देवी, श्रीमती रामकली, श्रीमी चम्पी बाई, सुरेश बैगा, लालुवा यादव, श्रीमती सुगदर, नकुल अहिरवार, लालमन कंवर, सुखसेन ढोलिया, विश्वनाथ, सुदर्शन पनिका, श्रीमती पुष्पा पाण्डेय सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हैं। नोडल अधिकारी ने जानकारी दी कि यात्रा से पहले सभी श्रद्धालुओं का प्राथमिक स्वास्थ्य जांच कराई गई है। श्रद्धालुओं के साथ दो अनुरक्षक रामाधार साहू सचिव ग्राम पंचायत कटकोना तथा बलदेव सिंह श्री रामलला दर्शन यात्रा में शामिल रहेंगे।





पौधरोपण में शामिल बीईओ व अन्य।

## पर्यावरण संतुलन से कल्याण संभव

**मनेन्द्रगढ़।** एक वृक्ष मां के नाम के तहत मंगलवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय गुरचहवा, विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में पौधरोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनेन्द्रगढ़ सुरेन्द्र जायसवाल, एबीईओ अधिकारी वीरेन्द्र पांडे, मंडल संयोजक संजय श्रीवास्तव तथा जागो सेवा संस्थान बंजी के अध्यक्ष परमेश्वर सिंह, संस्था के सचिव नभाग सिंह, वरिष्ठ कृषि अधिकारी बैकुंठपुर पुष्कर लाल तिवारी के आतिथ्य में विद्यालय परिसर में उपस्थित अतिथियों द्वारा और विद्यालय के बच्चे, पालक एवं शिक्षकों के द्वारा उत्साह पूर्वक फलदार पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम में पौधरोपण के पश्चात बच्चों के समक्ष श्री तिवारी ने कहा कि वृक्ष हमारे मित्र हैं, जो प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप में कई प्रकार से हमारे लिए उपयोगी हैं।

### आईटीआई परिसर में पौधरोपण



**बिजुरी।** आईटीआई भवन परिसर कोतमा में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ के तत्वाधान में पौधरोपण का आयोजन किया गया। उक्ताशय के उदगार महासंघ के जिलाध्यक्ष एवं एडवोकेट अमरेन्द्र सिंह परिहार द्वारा व्यक्त किया गया। उन्होंने कीर्ति क्रांति को बताया कि बीते दिवस कोतमा में महासंघ के पदाधिकारियों एवं कोतमा क्षेत्र से आए स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति में सभी के द्वारा कई फलदार एवं काष्ठ के पौधे लगाए गए। जिनकी निकट भविष्य में आईटीआई परिसर में छाया, फल एवं काष्ठ से लाभान्वित करेंगे।

# सदस्यता अभियान में बीएमएस पहले नंबर पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटना

सदस्यता अभियान में 481 सदस्यों के साथ श्रमिक संगठन बीएमएस प्रथम स्थान पर रहा। वहीं 404 सदस्यों ने नोटा का उपयोग किया, जो दूसरे स्थान पर रहा। 362 सदस्यों के साथ एचएमएस तीसरे स्थान पर पहुंची।

एसईसीएल झिलमिली सहक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पाण्डवपारा एवं झिलमिली कोयला खदान में कार्यरत श्रमिकों को श्रमिक संगठनों से जोड़ने के लिए श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों द्वारा तीन दिनों तक सदस्यता अभियान चलाया गया। इसमें भारतीय मजदूर संघ को 481 सदस्य के साथ झिलमिली उपक्षेत्र में प्रथम स्थान अर्जित किया। पाण्डवपारा में 238 और झिलमिली माइंस में 243 सदस्यों ने सदस्यता ली। दूसरे स्थान पर नोटा रही, सदस्यता अभियान में नोटा का प्रयोग करते हुए 404 श्रमिकों ने श्रमिक संगठन के पांचों यूनियन को अस्वीकार कर दिया। झिलमिली सहक्षेत्र में ऐसा पहली बार हुआ है कि सदस्यता अभियान नोटा की संख्या 404 पहुंची है। इसी तरह श्रमिक संगठन एचएमएस 362 सदस्यों के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गई। वहीं इंटक में 171 व एटक में 149 श्रमिकों ने सदस्यता ली। इस दौरान बीएमएस से शिव कुमार दुबे, लक्ष्मी प्रसाद, सिकंदरर सिंह, राजकुमार सिंह,महेश सिंह, मधुसूदन घोष, कश्यप कुमार, अनवर अली, पुष्पेन्द्र विश्वकर्मा, प्रवीण राजवाड़े, अवनिश मिश्रा, धर्मेन्द्र यादव, महेन्द्र द्विवेदी, धनेश्वर सिंह, अग्लेश्वर सिंह रहे। इसी तरह झिलमिली परियोजना के बीएल गुप्ता, आर के मंडल, केदार नाथ, ब्रिजेश सिंह, उमाकांत शुक्ला, भरत सिंह, दुलाल कुमार, संतोष राव, नंदलाल, इंद्रभान, पुष्पेन्द्र सिंह, बीरेन्द्र प्रताप, गोविंद, रमेश कुमार पटेल, कलेश्वर, दीपक, मोहन पटेल, बिंदेश्वर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।



जश्न मनाते श्रमिक नेता।

### बिजली कंपनी में भर्ती के नाम पर ठगी की कोशिश

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में विभिन्न पदों के लिए फर्जी भर्ती की सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देकर ठगी करने का प्रयास कतिपय लोगों द्वारा किया जा रहा है। इसकी जानकारी होने के बाद कंपनी प्रबंधन ने आगाह किया है कि ऐसे फर्जी विज्ञापनों पर ध्यान न दें। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि कतिपय लोगों द्वारा फर्जी जानकारी देकर छात्रों को ठगने का प्रयास किया जा रहा है। पॉवर कंपनी ने इस तरह का कोई विज्ञापन जारी नहीं किया है और न ही इस तरह के पदनाम से कोई सीधी भर्ती होती है। ठगी करने वाले छत्तीसगढ़ शासन और सीएसपीडीसीएल का अधिकृत लोगो (प्रतीक चिन्ह) का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं।

# स्वास्थ्य कैम्प में दवा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एसईसीएल हसहदेव क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक संजय मिश्रा के निर्देशन में उपक्षेत्रीय प्रबंधक एमके महतो व सेंट्रल हास्पिटल मनेन्द्रगढ़ के नेतृत्व में हसदेव क्षेत्र के झगराखांड़ सब एरिया क्षेत्र अंतर्गत शासकीय विद्यालय पुरानी लेदरी में स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया, जहां पर हास्टल में रहने वाले छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां दी गई। इसी तरह कोयलांचल क्षेत्र जेकेडी सब एरिया अंतर्गत लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें दवाईयां दी गई।

झगराखांड़ सब एरिया मैनेजर एमके महतो द्वारा छात्रावास में रहने वाले बच्चों को मौसम परिवर्तन होने पर स्वास्थ्य पर सतर्कता रहने के उपाय बताए गए। सेंट्रल हास्पिटल मनेन्द्रगढ़ से आई टीम डाक्टरों के द्वारा बदलते मौसम से शरद गर्म से सतर्कता बरतने के उपाय बताए गए।

एसईसीएल हसहदेव क्षेत्र में कॉलरी प्रबंधन के द्वारा क्षेत्र में स्वास्थ्य कैम्प लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए जाते हैं और क्षेत्र में जरूरत मंदों को बढ़-चढ़कर समाज में श्रद्धाभाव के उद्देश्य से सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और सेवाभाव से नगर में कमजोर वर्गों के परिवारों की आर्थिक सहायता कर मद्दगार साबित होते रहते हैं। इस दौरान उपस्थित डॉ.विजय गोपाल मिश्रा, डॉ.अजय कुमार, डॉ.चिन्मय पटेल, डॉ. वंदना गुप्ता, जेकेडी सीनियर पीए दिनेश मिश्रा, नगर के गणमान्य नागरिक सहित समाज सेवी उपस्थित रहे।



शिविर में जांच करते चिकित्सक।

# बीएमएस ने जीत का मनाया जश्न

**चरचाकॉलरी।** कोयलांचल क्षेत्र के चरचा कॉलरी में चल रहे सदस्यता सत्यापन में बीएमएस की भारी जीत को लेकर चार ट्रेड यूनियन एटक, इंटक, एचएमएस व सीटू यूनियन के श्रम श्रमिकों के द्वारा विरोध प्रदर्शन कर सदस्यता सत्यापन को निरस्त करने का आह्वान किया गया था, जहां प्रबंधक द्वारा सभी नेताओं को एक दिन बाद का समय लेकर री काउंटिंग कर सही नतीजे प्राप्त करने का निर्देशित किया गया था। जानकारी के अनुसार चरचा माइन आरओ के सहक्षेत्र प्रबंधक ऑफिस के सभागार में बुधवार की सुबह 11 बजे से री काउंटिंग का आयोजन किया गया, जहां सभी पांचों ट्रेड यूनियन के पदाधिकारियों-अधिकारियों के समक्ष री काउंटिंग कराया गया। वहीं चार घंटों के री काउंटिंग के पश्चात बीएमएस को भारी बहुमत से विजयी घोषित किया गया। इस दौरान विरोध कर रहे चारों यूनियन के श्रमिकों की नाराजगी दूर हुई और अपनी हार स्वीकार किया। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ के ऊपर जो लालछन लगाया गया था जो गलत साबित हुआ। रिकॉर्डिंग के दौरान उपस्थित बीएमएस जितेन्द्र श्रीवास्तव, सुशील शर्मा, प्रवीण डहरिया, एटक मो.रियाज, नरेन्द्र सिंह, कामेश्वर प्रधान, इंटक धर्मवीर सिंह, इंद्रजीत पाल,ओपी यादव, एचएमएस, विनोद शुक्ला, महेश कुमार यादव, ज्ञानेन्द्र पांडे, अशोक धोबी, सीटू यूनियन विनोद गुप्ता, राजेश वर्मन, बलजिन्द्र सिंह एवं सहक्षेत्र प्रबंधक जितेन्द्र कुमार, कार्मिक प्रबंधक हीरेन्द्र तिवारी, हीरा सिंह सहित कार्मिक विभाग के संबंधित बाबू मौजूद रहे। वहीं भारतीय मजदूर संघ के केन्द्रीय पदाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह से बातचीत करने के दौरान उन्होंने बताया कि मजदूर साथियों का भारतीय मजदूर संघ के प्रति आस्था बढ़ने से अन्य चारों श्रम संगठन घबरा गए और भारतीय मजदूर संघ की छवि खराब करने की पूर्ण प्रयास करने लगे। भारतीय मजदूर संघ के लोकप्रियता को देखते हुए उन्होंने बताया कि भारतीय मजदूर संघ एक राष्ट हित, उद्योग हित, श्रमिक हित के सिद्धांतों पर कार्य करती है। उन्होंने सभी श्रमिक संगठनों से अपील किया है कि आप भी इसी मार्ग पर चले, इससे मजदूरों का हित हो सके।



जश्न मनाते बीएमएस यूनियन।

# हाथियों का उत्पात, मकान की तोड़ी बॉउड्रीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा व कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में मौजूद हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। सोमवार की रात झुंड में शामिल एक दंतैल हाथी झुण्ड सो बिछड़ गया और कुदमुरा बस्ती में घूसकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया।

इस दौरान दंतैल ने माखन रठिया नामक ग्रामीण के बाड़ी के बॉउड्रीवॉल को तोडने के साथ ही वहां लगे गन्ने की फसल को तहस नहस कर दिया। माखन द्वारा मंगलवार की सुबह सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आंकलन में जुट गया है। जहां दंतैल ने कुदमुरा में ग्रामीण के बॉउड्रीवॉल को ढहा दिया वहीं गीतकुंवारी में मौजूद एक अन्य दंतैल ने दो ग्रामीणों के खेत में लगे खड़ी फसल को रौंद डाला है। जबकि गुरमा क्षेत्र में घूम रहे लोनर हाथी ने धान खाने के चक्कर में एक ग्रामीण के आंगन में बंधे बैल को सूड़ से उठाकर पटक दिया जिससे वह घायल हो गया। ग्रामीण द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल रात में मौके पर पहुंचे और उत्पात मचा रहे दंतैल को खदेड़ा। जिस पर दंतैल ने जंगल का रूख किया। ज्ञात हो कि कुदमुरा वन परिक्षेत्र में 33 हाथी विचरण कर रहे है। जिनमें से 31 हाथी कुदमुरा परिसर के कक्ष क्रमांक 1140 में जमे हुए है। जबकि एक दंतैल हाथी गीतकुंवारी व एक लोनर गुरमा में सक्रिय है। हाथियो द्वारा उत्पात मचाए जाने से ग्रामीण भयभीत है। वहीं वन विभाग की चिंता भी बढ़ गयी है।



### विशेष शिक्षक भर्ती के लिए दावा आपत्ति 26 तक

**कोरबा।** जिले में दिव्यांग बच्चों हेतु 50 सीटर बाधारहित आवासीय छात्रावास में बच्चों की शिक्षा, प्रशिक्षण, थेरेपी एवं अन्य सुविधा प्रदान करने हेतु विभिन्न पदों पर एकमुश्त मानदेय पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। आवेदक जिले की वेबसाइट पर सूची का अवलोकन कर सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा ने बताया कि विशेष शिक्षा भर्ती हेतु जारी पात्र अपात्र सूची के संबंध में आवेदकों से दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। आवेदक 26 जुलाई तक परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कोरबा में कार्यालयीन समय में समुचित दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित होकर दावा-आपत्ति जमा कर सकते हैं। आवेदनों के अपात्रता के कारणों के अंतर्गत राज्य का मूल निवासी न होना, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन न होना, आरसीआई पंजीयन फिजियोथेरेपी काउंसिल से पंजीयन का न होना, आवेदित पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता न होना शामिल है।

### 100 से अधिक युवाओं को दिया गया प्रशिक्षण

# वेदांता स्किल स्कूल में मना विश्व युवा कौशल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व युवा कौशल दिवस पर बालको ने वेदांता स्किल स्कूल में 100 से अधिक प्रशिक्षुओं के लिए कार्यक्रम का आयोजन कियाजिसमें युवाओं को सशक्त बनाने और उनकी क्षमता को पहचानने में कौशल के महत्व पर जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में व्यक्तिगत विकास और व्यावसायिक विकास दोनों को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन की गई प्रतियोगिताएँ शामिल थीं। इनका उद्देश्य छात्रों के अपने-अपने ट्रेड में कौशल को बढ़ाना और साथ ही उनके समग्र व्यक्तित्व को बढ़ावा देना था। आयोजन मनोरंजन और उत्साह से भरा रहा जिसमें नृत्य प्रदर्शन, फैशन शो, खाना पकाने की चुनौतियाँ और अन्य आकर्षक गतिविधियों के अलावा इलेक्ट्रिकल मॉडल बनाना शामिल था। सोलर पीवी इंस्टॉलर ट्रेड में प्रशिक्षु कशिश यांगडे ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि मैं आर्थिक रूप से सशक्त तथा परिवार का भरण-पोषण करना चाहती थी। सोलर एनर्जी के साथ काम करना अविश्वसनीय रूप से संतुष्टिदायक है। कंपनियों और सरकारी निकायों द्वारा सोलर स्त्रोतों पर बढ़ते ध्यान के साथ मुझे इस ट्रेड में कुशल होने पर गर्व है। फिटर ट्रेड से प्रशिक्षण प्राप्त हिमांशु कुमार साहू एक्वा पंप्स लिमिटेड में कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी स्वावलंबी बनने की यात्रा को साझा करते हुए कहा कि वेदांता स्किल स्कूल में 45-दिवसीय प्रशिक्षण जीवन बदलने वाला रहा है। आवासीय सुविधा एक महत्वपूर्ण लाभ था जिसे शिक्षण अनुभव को बेहतर बनाया। प्रशिक्षण ने मुझे नौकरी के लिए आवश्यक तकनीकी कौशल में निपुण बनाया और मेरे व्यक्तित्व को भी निखारा। हमें औद्योगिक संचालन और प्रभावी संचार को समझने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने वेदांता स्किल स्कूल पहल के महत्व पर बताया कि वेदांता में सतत आजीविका विकास हमारे सामुदायिक प्रयासों का केंद्र है। छत्तीसगढ़ और भारत के भविष्य को आकार देने के लिए हमारे युवाओं को सही कौशल और शिक्षा से लैस करना आवश्यक है।



कार्यक्रम में शामिल प्रशिक्षणार्थी।

## बीमार किशोरी का झाड़ फूंक से इलाज, मौत

**कोरबा।** एक 15 वर्षीय किशोरी की पिछले कई दिनों से तबीयत खराब थी उसे सर्दी बुखार था लेकिन परिजन उसकी अस्पताल में उपचार कराने की बजाय गांव में किसी बैगा के पास झाड़ फूंक करा रहे थे। जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो उसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर आ रहे थे। चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत किशोरी को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम गुरमा का है। यहां निवासरत स्व. हीरा सिंह मंझवार की 15 वर्षीय पुत्री बालमित्र को पिछले तीन दिनों से उसे सर्दी बुखार था परिजन उसे अस्पताल ले जाने की बजाए गांव में ही किसी बैगा के पास झाड़ फूंक करा रहे थे। पुलिस के मुताबिक बालमित्र की तबियत अत्यधिक बिगड़ने पर सोमवार की शाम उसके परिजन उसे गांव से उपचार करने के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां बीच रास्ते में ही बालमित्र की मौत हो गई। चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

### फांसी के फंदे में युवक की मिली लाश

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उमरेली के कर्रापाली निवासी जगदीश कुमार विश्वकर्मा की लाश मड़वारानी रेलवे स्टेशन के समीप एक पेड़ पर फांसी के फंदे में लटकती हुई मिली थी। घटना की सूचना मिलने पर उरगा थाना प्रभारी कृष्णकुमार वर्मा दलबल सहित मौके पर पहुंचे और मामले की सूचना आला अधिकारियों को दी। मामले को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा व्याप्त थी मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के आला अधिकारियों के निर्देश पर सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट कोरबा से प्रभारी अधिकारी डॉक्टर सत्यजीत सिंह कोसरिया व टीम आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा घटनास्थल पहुंचे। जहां उनके द्वारा घटनास्थल एवं शव का निरीक्षण किया गया।